हिन्दुस्तान
कुंभ-2021
देहरादून • शनिवार • 27 फरवरी 2021 | 04

# देवेश मिस्टर और आरजू मिस फेयरवेल बनीं

रुड़की | हमारे संवाददाता

क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर ने सीनियर छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि क्वाड्रा संस्थान सचिव डॉ. रकम सिंह, डॉ. ऋषभ कुमार जैन, अकलंक जैन ने दीप जलाकर किया। डॉ. रकम सिंह ने कहा कि हर परिस्थिति में मनुष्य को प्रसन्नचित रहकर अपने लक्ष्य के लिये एकाग्रचित होकर प्रयास करना चाहिए। इससे मंजिल निश्चित ही प्राप्त होती है।




रुड़की के क्वाड्रा इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को सीनियर छात्रों की फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। • हिन्दुस्तान

डॉ. ऋषभ कुमार जैन ने मार्गदर्शन में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विदाई का पल भावुक होता है, लेकिन अच्छे मित्रों के साथ बीते समय की याद सदैव रहती है। कार्यक्रम में छात्रों ने मनमोहक नृत्य, संगीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. रागेश्री मेहता, डॉ.राजेश मौर्य, डॉ.मयंक बिश्नोई, डॉ.विशाल की संयुक्त निर्णायक मंडल कमेटी ने छात्र देवेश तायल को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा आरजू त्यागी को मिस फयरवेल चुना गया। कॉलेज की ओर से छात्रा अंकिता शाह को बेस्ट परफॉर्मेन्स इन एकेडमिक व आंचल को बेस्ट उपस्थित अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह, यथार्थ तिवारी, संजय सैनी, डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ.गोपाल कृष्ण शर्मा, डॉ.अमित चौधरी, डॉ.सौरभ कुमार, डॉ.कमलेश्वर प्रसाद, डॉ. रजनीकान्त, डॉ. अनुरीता, डॉ.शैरॉन प्रभाकर, डॉ.चारू शर्मा, डॉ.रचना गुप्ता, डॉ.सौरभ कुमार, डॉ.श्रेयसी भारद्वाज, डॉ.दीपिका वर्मा, डॉ.विवेक, डॉ.योगेश कुमार सिसोदिया, डॉ.सुजाता, डॉ.नेहा, डॉ.मनप्रीत, डॉ.अंकित त्यागी, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.एकता नैथाणी, शक्ति सिंह और छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

शनिवार • 27.02.2021
अमर उजाला
04

# देवेश मिस्टर, आरजू मिस फेयरवेल चुनी गईं




**रुड़की।** क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीएएमएस तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देवेश तयाल को मिस्टर और आरजू त्यागी को मिस फेयरवेल चुना गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान सचिव डॉ. रकम सिंह, डॉ. ऋषभ कुमार जैन और अकलंक जैन ने किया। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में मनुष्य को परिश्रम और लगन से लक्ष्य प्राप्ति के लिए कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान जूनियर व सीनियर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में छात्रों ने मनमोहक नृत्य, संगीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल कमेटी ने देवेश तयाल को मिस्टर और आरजू त्यागी को मिस फेयरवेल घोषित किया। अंकिता शाह को बेस्ट परफारमेंस इन एकेडमिक व आंचल दावस को बेस्ट उपस्थिति अवार्ड मिला। मौके पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार, नरेंद्र सिंह, यथार्थ तिवारी, संजय सैनी मौजूद रहे। संवाद

Scanned by CamScanner